झुंझुनू धाम से चली है देखो दादीजी की पालकी

झुंझुनू धाम से चली है देखो दादीजी की पालकी ,
हो जाओ तैयार भगतों बारी है नेपाल की ।
दादी वालों की ये चिट्ठी आई बड़ी कमाल की ,
हो जाओ तैयार भगतों बारी है नेपाल की ।

पशुपति की नगरी में माँ राणी सती का भजनोत्सव,
काठमांडू की धरती पे नारायणी महा उत्सव ।
घड़ी ख़तम होने वाली है अब तो इंतज़ार की ।
हो जाओ तैयार भगतों बारी है नेपाल की ।

दीपोत्सव से होगा स्वागत सतियों की सिरमौर का,
धूम-धाम से होगा भगतों उत्सव माँ गणगौर का ।
कमी कहीं कोई रह ना जाए रजत जयंती साल की,
हो जाओ तैयार भगतों बारी है नेपाल की ।

नारायणी नमो नमो का गूँज उठेगा जयकारा,
राणी सती सेवा संघ का उत्सव होगा सबसे न्यारा ।
"सौरभ मधुकर" कर लो सेवा दादी के दरबार की ,
हो जाओ तैयार भगतों बारी है नेपाल की ।

भजन गायक - सौरभ मधुकर
भजन रचयिता - मधुकर
संपर्क - 9831258090

स्वर : सौरभ मधुकर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1554/title/Jhunjhunu-dham-se-chali-hai-dekho-dadiji-ki-paalki-with-Hindi-lyrics-by-Saurabh-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |